
पंजाब केसरी 21/03/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज की टीम ने राजकीय महाविद्यालय साहा में किया क्षमता निर्माण कार्यक्रम

अम्बाला, 20 मार्च (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज की टीम ने वीरवार को ए.आई. जागरुकता कार्यक्रम की एक पहल के रूप में राजकीय महाविद्यालय साहा में आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस की मूल बातें पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया।

राजकीय महाविद्यालय साहा की प्राचार्या रेणु ऋषि ने जी.एम.एन. कॉलेज के संकाय का स्वागत किया और अपने छात्रों को पूरे उत्साह के साथ सत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जी.एम.एन. कॉलेज के संकाय डा. गीता कौशिक, कमलप्रीत कौर और रितिका राय ने पी.जी. कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत की और अपनी विशेषज्ञता साझा की।



राजकीय महाविद्यालय साहा में आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस की मूल बातें व क्षमता निर्माण कार्यक्रम को संबोधित करतीं जी.एम.एन. कॉलेज की प्राध्यापिका। (चौटानी)

यह कार्यक्रम बी.ए. और बी.कॉम अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें लगभग 110 प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की मौलिक ए.आई. अवधारणाओं, अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं की समझ को बढ़ाना था। कार्यक्रम का संचालन डीन डा. प्रबलीन कौर की देखरेख में किया गया। जी.एम.एन. के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम के स्वरूप को लेकर बहुत आशावादी हैं और उम्मीद करते हैं कि इस तरह के संगोष्ठी से हम समाज में कुछ बदलाव ला पाएंगे।